गंगा जल आपूर्ति योजना और गयाजी डैम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

3 मार्च, 2023 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) द्वारा दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में बिहार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल गंगा जल आपूर्ति योजना और फल्गू नदी पर बने गयाजी डैम को केंद्रीय मंत्री आरके सिंह द्वारा दिया राष्ट्रीय पुरस्कार ‘सीबीआईपी अवार्ड 2022’ प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग की उक्त दो योजनाओं के लिये पुरस्कार विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल और अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन ईश्वर चंद्र ठाकुर ने ग्रहण किया।
- राज्य के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने बताया कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली दोनों अतिमहत्त्वाकांक्षी योजनाएँ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनूठी परिकल्पना और दूरदृष्टि का परिणाम हैं। इन योजनाओं का नाम ‘गंगा जल आपूर्ति योजना’ और ‘गयाजी डैम’ भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही रखा गया है।
- उन्होंने बताया कि गंगा जल आपूर्ति योजना के जरिये देश में पहली बार बाढ़ के पानी को दक्षिण बिहार के जल संकट वाले प्रमुख शहरों में ले जाकर पेयजल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।
- इसी तरह गया ज़िले में विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के निकट देश के सबसे बड़े रबर डैम के निर्माण से फल्गु नदी में आठ से दस फीट जल उपलब्ध है। पहले देश-दुनिया से पिंडदान एवं धार्मिक कार्य के लिये गया आने वाले लाखों श्रद्धालु फल्गु नदी के जल के लिये तरसते थे, लेकिन पिछले साल पितृपक्ष के दौरान आए करीब 12 लाख श्रद्धालुओं को फल्गु में लबालब जल रहने से काफी सुविधा हुई।
- उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा स्थापित संस्था सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) द्वारा जल संसाधन, ऊर्जा और गैर-पारंपरिक ऊर्जा के क्षेत्र की बेहतरीन परियोजनाओं को हर वर्ष ‘सीबीआईपी अवार्ड’ से सम्मानित किया जाता है।
- ‘सीबीआईपी अवार्ड 2022 (जल संसाधन)’ के लिये देशभर की जल संसाधन परियोजनाओं का चयन कुल दस श्रेणियों में किया गया है। इनमें बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित ‘गंगा जल आपूर्ति योजना’ और ‘गयाजी डैम’ का चयन ‘जल संसाधन के सर्वोत्तम कार्यान्वयन’ जैसी अत्यंत महत्त्वपूर्ण श्रेणी में किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ganga-water-supply-scheme-and-gayaji-dam-got-national-award